# बीच भंवर में नैया हमारी हमें श्याम प्यारे जरुरत तुम्हारी

बीच भंवर में नैया हमारी,
हमें श्याम प्यारे जरुरत तुम्हारी,
हमें श्याम प्यारे जरुरत तुम्हारी।bd।

तर्ज – तुम्ही मेरे मंदिर।

---

तेरा है भरोसा तेरा आसरा है,
इतना तो प्यारे तुम्हे भी पता है,
सब जानते हो हे चक्रधारी,
हमें श्याम प्यारे जरुरत तुम्हारी।bd।

---

तेरे सिवा मैं किसको बुलाऊँ,
किसपे मैं अपना जोर चलाऊँ,
झूठा दिखावा है ये दुनियादारी,
हमें श्याम प्यारे जरुरत तुम्हारी।bd।

---

तुम्हे ही पुकारूँ बाट निहारूं,
पल पल मैं तेरा नाम उचारूं,
तुम्ही पे टिकी है नजरें हमारी,
हमें श्याम प्यारे जरुरत तुम्हारी।bd।

---

विश्वास मेरा टूटे ना स्वामी,
विनती यही है ना हो बदनामी,
‘बिन्नू’ से तेरी पुरानी है यारी,
**Bhajan Diary Lyrics,**
हमें श्याम प्यारे जरुरत तुम्हारी।bd।

---

बीच भंवर में नैया हमारी,
हमें श्याम प्यारे जरुरत तुम्हारी,
हमें श्याम प्यारे जरुरत तुम्हारी।bd।

**Singer – Ekta Sarraf**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com